- **राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रहा है।**
- **सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर द्वीपों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।**
- **मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने आज कैम्पबेल बे के दक्षिणतम छोर इंदिरा प्वाइंट का दौरा किया।**
- **अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में दैनिक वेतनभोगी सहित सभी छः अधिसूचित कर्मियों के न्यूनतम भाड़े में संशोधन किया गया है।**
- **द्वीप पर्यटन उत्सव को देखते हुए यातायात के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।**

<><><><><><><>

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजली अर्पित कर रहा है। आज का दिन सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। राजधानी दिल्ली में श्री वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि श्री वाजपेयी एक महान राजनेता थे, जो आज भी अनगिनत लोगों के प्रेरणा–स्रोत हैं। श्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत को इक्कीसवीं सदी में ले जाने के लिए राष्ट्र, अटलजी का सदैव आभारी रहेगा। अख़बारों में अपने लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि साधारण परिवार से होने के बावजूद श्री वाजपेयी ने आम आदमी के संघर्ष और शासन में बदलाव की उसकी शक्ति को महसूस किया। श्री मोदी ने कहा कि श्री वाजपेयी के नेतृत्व में स्वर्ण चतुर्भुज परियोजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को लागू किया गया तथा दिल्ली मेट्रो के लिए व्यापक कार्य किए गए। श्री मोदी ने कहा कि देश में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और दूर–दराज के क्षेत्रों को मुख्यधारा में शामिल करने का श्रेय वाजपेयी जी को है। भारत के विदेश मंत्री के रूप में, वाजपेयी संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में बोलने वाले पहले भारतीय नेता बने। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि शासन को सरल और नागरिकों के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए लगभग दो हजार पुराने नियम–कानून समाप्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता, नवाचार और लोकोन्मुखी नीतियों के प्रति संकल्पित है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने हाल ही में अपने नई दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और द्वीपों के लम्बित पड़े मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने अनिम्स में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, पचास मेगावाट एल एन जी पावर प्लांट का नवीनीकरण, अनिम्स का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में विलय सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने उठाए गए मुद्दों का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने आज कैम्पबेल बे के दक्षिणतम छोर इंदिरा प्वाइंट का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में ज़िला परिषद प्रमुख ई एस राजेश ने कैम्पबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रा साउंड मशीन की कमी, मरीजों के लिए निशुल्क हवाई टिकट की अनुपलब्धता, नारियल के लिए एम एस पी और भूमि के लिए सर्कल रेट बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। गोविन्द नगर पंचायत प्रधान वेंकट राव, लक्ष्मी नगर पंचायत प्रधान प्रहलाद सिंह और कैम्पबेल बे पंचायत प्रधान रामेश्वरी ने भी अपने–अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों को मुख्य सचिव के समक्ष रखा।

<><><><><><><>

ईसा मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में दुनिया भर में आज क्रिसमस का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोग अपने घरों को क्रिसमस ट्री तथा रोशनी से सजाते हैं और एक–दूसरे को उपहार देकर खुशियां मनाते हैं। इस अवसर पर द्वीपसमूह के सभी गिरजाघरों की भव्य सजावट की गई है और विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में दैनिक वेतनभोगी सहित सभी छः अधिसूचित कर्मियों के न्यूनतम भाड़े में संशोधन किया गया है। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने इसे अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो

एक जनवरी से लागू हो जाएगी। तीनों ज़िलों में अकुशल मजदूरों के लिए न्यूनतम भाड़ा प्रतिदिन छः सौ इकतालीस रूपए निर्धारित किया गया है। अर्ध–कुशल और अकुशल सुपरवाइज़री के लिए सात सौ बाईस रूपए, जबकि कुशल और लिपिक वर्ग के लिए आठ सौ पैंतालीस रूपए तथा उच्च कुशल श्रेणी के लोगों को अब प्रतिदिन नौ सौ अट्ठाईस रूपए के हिसाब से न्यूनतम दरें प्राप्त होंगी। न्यूनतम भाड़े में संशोधन का विवरण श्रम विभाग की वेबसाइट में उपलब्ध है। सभी प्रतिष्ठान निजी और सरकारी विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे संशोधित दरों का पालन करे, आदेश न मानने पर न्यूनतम मजदूरी अधिनियम उन्नीस सौ अड़तालीस और संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

हिन्दू राष्ट्र शक्ति के अध्यक्ष राकेश्वर लाल और अन्य सदस्यों ने नगरपालिका परिषद की कर्मी तथा डिगनाबाद निवासी मन कुमारी के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे उनसठ वर्ष की थी।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव को देखते हुए यातायात के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक हयात सिंह जंक्शन से रविन्द्र बांग्ला विद्यालय जंक्शन तक की सड़क को वन–वे घोषित किया गया है। यह व्यवस्था शाम तीन बजे से रात्रि दस बजे तक रहेगी। इस दौरान हयात सिंह जंक्शन से वी आई पी रोड की ओर दुपहिया वाहन को छोड़कर किसी और वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी। रविन्द्र बांग्ला विद्यालय जंक्शन से आई टी एफ की ओर किसी भी भारी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। भारी वाहनों को जंगलीघाट या पुलिस लाईन के मार्ग से जाना होगा। द्वीप पर्यटन उत्सव के दौरान चार पहिया वाहनों के लिए एयरपोर्ट के अंदर, आई टी एफ मैदान के पीछे, गुरू मंदिर जंक्शन से आई टी एफ मैदान की बाईं ओर, हयात सिंह जंक्शन से जंगलीघाट के पुराने सीसीएस जंक्शन तक दाईं ओर और ज़िला परिषद कार्यालय पार्किंग में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आर सी एस और शिक्षा निदेशालय के सामने, गुरू मंदिर जंक्शन से आई टी एफ की दाईं ओर, हयात सिंह जंक्शन से जंगलीघाट के पुराने सी सी एस जंक्शन तक बाईं ओर दुपहिया वाहनों को पार्क करना होगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में कल सुनामी की बीसवीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस सिलसिले में प्रशासन की ओर से जलक्रीड़ा परिसर स्थित सुनामी स्मारक में सुबह साढ़े सात बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी और अन्य गणमान्य व्यक्ति दिवंगत आत्माओं को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। स्मारक पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। दक्षिण अंडमान सहायक आयुक्त–मुख्यालय ने सभी से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए स्मारक स्थल पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस मनाए जाने के सिलसिले में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक ज़िला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में कल सुबह दस बजे से आरंभ होगी। बैठक में मार्चिंग दलों, झांकियों और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय महिला खाद्य परिषद की ओर से कल शाम तीन बजे मीठाखाड़ी जंक्शन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के किसान श्री एरलांडी को सम्मानित भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

एम वी नालंदा की लिटिल अंडमान और कार निकोबार होते हुए ननकौड़ी की सत्ताईस दिसम्बर की यात्रा के समय में बदलाव किया गया है। अब यह जलयान इसी दिन, दिन में ग्यारह बजे के बजाय रात्रि नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>